वि.वि.मंडल

रा.म.साळगावकर उच्च माध्य.विद्यालय

कोंब मडगाव गोवा

II FORMATIVE EXAMINATION 2023-24

कक्षा : बारहवी

विषयःहिन्दी

समयः १घंटा

दिनांक: १९ / १०/ २०२३

अंक: २०

सूचनाएँ :

१. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

२. कूल प्रश्न १३

३. प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।

४. दायी ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंकदर्शाती है।

निम्नलिखित कोष्ठको में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर पंक्तियो को फिर से लिखिए। (२)

१. लोहिया अपने अनुयायियो को भी __________

चरित्रहीन बनाना चाहते थे।

बुध्दिमान बनाना चाहते थे।

चरित्रवान बनाना चाहते थे।

निडर बनाना चाहते थे।

२. आज आदमी से ज्यादा लोग __________

चित्रो को पहचानते है।

पोस्टरों को पहचानते है।

रंगो को पहचानते है।

हृदय को पहचानते है।

निम्नलिखित गद्य अवतरणों में से किसी एक का संदर्भ सहित स्पष्टीकरण कीजिए। (४)

३. " आज के युग में पैसा ही नाक और मूँछ है। जिसके पास पैसा नही वह नाक मूछ होते हुए भी नकटा है, मूँछकटा है। "

अथवा

" मैने सोचा था कि बरसों तुम सबसे अलग रहने के बाद अवकाश पाकर परिवार के साथ रहूँगा। खैर परसो जाना है। "

निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग २० - २५ शब्दों मे लिखिए। (२)

४. अमल अचल मन त्रोन समान। सम जम नियम सिलीमुख नाना॥
कवच अभेद बिप्र गुर पूजा। एहि सम बिजय उपाय न दूजा॥ पंक्तियों का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कर्ण की ह्रदय पीडा को स्पष्ट कीजिए।

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर अंत में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

बच्चे और युवक किसी देश के भविष्य की तस्वीर होते हैं। वे हमारे भविष्य के लिए आशा है। हमारे समाज का एक महत्त्वपूर्ण,सशक्त और संसाधनो से भरा हुआ वर्ग युवको का है जिनमे आसमान की बुलंदियों को छू लेने की आकांक्षा धधक रही है।यदि उनकी उर्जा को सही दिशा दी जाए तो उससे ऐसी गतिशीलता पैदा होगी जो राष्ट्र को विकास के तेज वाहन में दौडा देगी। युवको को अपनी योजना और विकास प्रक्रिया का केंद्रबिंदु मानते हुए हमे इस विशाल और बहुमूल्य मानव संसाधन की देखरेख करने की आवश्यकता है। विकास की गतिविधियों मे युवकों की आवश्यकता,अधिकारों और आकांक्षाओं को अहमियत देना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

५. हमारे युवको मे किस प्रकार की आकांक्षा धधक रही है ? (१)
६. युवको के प्रति हमारी कौनसी प्राथमिकता होनी चाहिए? (१)
७. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है और उसकेलेखक कौन है ? (१)

निम्नलिखित शब्द का रूप उचित उपसर्ग लगाकर बदलिए। (१)

८. गंध अथवा भाग

कोष्ठक में दी गई संज्ञा का उचित कारक रूप रिक्त स्थान में भरकर वाक्य फिर से लिखिए। (१)

९. उन्हें मेरे मेवे नही __________ मेवे समझकर खाइएगा। (देश-सेवा)

निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कर के लिखिए। (१)

१०. कभी कभी तुम्हारा चिट्ठी पढकर मै रोने लगती।

कोष्टको मे दी गई सूचनाओ के अनुसार काल परिवर्तन करके वाक्यों को फिर से लिखिए। (२)

११. दुकानदार हाथ फैलाये कह रहा था। (सामान्य वर्तमानकाल)

१२. चित्रा पाँच बजे गाडी से जाएगी। (अपूर्ण भूतकाल)

१३. थेंपे उच्च माध्यमिक विद्यालय ,कैपे गोवा में मनाये गये गणतंत्र दिन पर ७० से ७५ शब्दों में एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। (४)

अथवा

'राष्ट्र निर्माण मे विद्यार्थियो का महत्त्व' इस विषय पर चैतन्य और चित्रा इन दो छात्रों के बीच हुआ संवाद २० से २५ वाक्यों मे लिखिए।